(xvi) Need to resume Ajanta and Elora Express trains services on Manmad-Kachiguda railway section besides providing a new rail service between Manmad and Tirupati

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी) : महोदय, काचीगुड़ा से मनमाड के बीच ब्राड गेज रेलवे लाइन बन चुकी है। इस रेलवे खंड पर जब मीटर गेज थी तो अजंता एवं एलोरा एक्सप्रेस रेल सेवा इस खंड पर चलती थी। जब से यह ब्राड गेज रेलवे लाइन में बदली गई है, इस खंड के शहरों में रहने वाले गरीब लोगों के पास कोई परिवहन के उपयुक्त साधन नहीं हैं। अत: इस ब्राड गेज रेलवे लाइन पर उपरोक्त रेलवे सेवा जैसे पहले चलती थी, उन्ह पुन: चलवाया जाए। साथ ही साथ नांदेड रेलवे मंडल की ओर से एक प्रस्ताव मनमाड से तिरूपति जाने हेतु एक रेल सेवा चालू करने हेतु आया है जो रेलवे बोर्ड के स्तर पर कई वर्षों से लंबित है। महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों से लोग तिरूपति आते-जाते हैं। उनको इससे लाभ मिलेगा।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनरोध है कि मनमाड से काचीगुडा रेलवे खंड में अजंता एक्सप्रेस एवं एलोरा एक्सप्रेस रेल सेवा पुन: शुरू की जाए एवं नांदेड रेलवे मंडल में मनमाड से तिरूपति जाने हेतु एक नई रेल सेवा के लिए जो प्रस्ताव भेजा गया है, उसे मंजूर किया जाए।